दिनांक 25.04.2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी के निर्देश पर नोडल अधिकारी ए0के0 द्विवेदी के द्वारा तोड़फोड़ दस्ता के माध्यम से निगम क्षेत्र अंतर्गत लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाने का कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल आज 15 होर्डिंग्स को ध्वस्त किया गया।
बता दें कि निगम के राजस्व विभाग द्वारा नंबर का स्टीकर जारी किया गया है जोकि वैध होर्डिंग पर लगाए गए हैं एवं जो होर्डिंग अवैध है उन पर स्टीकर नहीं लगा हुआ है ऐसे होर्डिंग पर कार्रवाई की जा रही है!
क्रिश्चियन कालेज कैलाश नगर से 05 अवैध होर्डिंग, कुरुद रोड मंगल वाटिका के पास 02 अवैध होर्डिंग, रुंगटा कालेज के पास 01 अवैध होर्डिंग, मंशा आईटीआई के पास 02 अवैध होर्डिंग, न्यू हाउसिंग बोर्ड कुरुद रोड 01 अवैध होर्डिंग, हनुमान मंदिर चौक कुरुद रोड 02 अवैध होर्डिंग, नालंदा विद्यालय के पास 02 अवैध होर्डिंग को जे.सी.बी. के माध्यम से ढहा दिया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''